सराहनीय कार्य, जनपद –जालौन
दिनांक – 01.07.2024

साइबर थाना जालौन द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि वापस कराकर पीड़ितों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

आवेदक श्री तेजस्वी पुत्र विजय निवासी कस्बा व थाना उरई जपनद जालौन की कुल राशि 1,35,000 /- रूपये, प्रदीप पुत्र इन्दल निवासी ग्राम शहजादपुरा थाना जालौन की कुल राशि 35,000/- रू0 की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदक की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि आवेदक के खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरण:-

क्र0 सं0	नाम, पता वादी	फ्राड हुयी धनराशि	वापसी धनराशि
1	**तेजस्वी**	1,35,000/- रूपये	1,35,000/- रूपये
2	**प्रदीप**	35,000/-रूपये	35,000/-रूपये

कुल बरामद धनराशि- 1,70,000/- रूपये (एक लाख सत्तर हजार रूपये)

बरामद करने वाली टीम –

1. प्रभारी साइबर थाना मय टीम जनपद जालौन।